**दिनांक-10.01.2025** **समय-7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :-**

- राष्ट्रपति आज भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन में लेंगी हिस्सा। प्रवासी भारतीय सम्मान करेंगी प्रदान।
- नई दिल्ली में आज से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 की होगी शुरूआत। देशभर के 3 हजार युवा लेंगे हिस्सा।
- प्रयागरात महाकुंभ के विशेष प्रसारण के लिए आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल की आज से होगी शुरूआत।
- प्रदेश के आठ जिले शीतलहर की चपेट में। आज भी शीतलहर के लिये कई जिलों में यलो अलर्ट जारी।

राष्ट्रपति- प्रवासी भारतीय सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज भुबनेश्वर 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में भाग लेंगी। इस अवसर पर वे लगभग 75 देशों से बड़ी संख्या में आए प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगी। आज इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आखिरी दिन है। राष्ट्रपति मुर्मु विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी। यह पुरस्कार किसी अनिवासी भारतीय, भारतीय मूल के व्यक्ति अथवा एन.आर.आई. या पी.आई.ओ द्वारा स्थापित किसी संगठन या संस्था को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

विकसित भारत-संवाद

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान पेश करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करना है। यह युवा नेताओं को देश के भविष्य को आकार देने में अपने विचारों का योगदान देते हुए नीति निर्माताओं, राष्ट्रीय और वैश्विक हस्तियों के साथ सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। इसके लिए देश भर के युवा नेताओं ने विकसित भारत के लिए अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है, जिसमें लगभग 30 लाख युवाओं की भागीदारी है। इस डायलॉग में भाग लेने के लिए तीन हजार गतिशील और प्रेरित युवाओं का चयन किया गया है। प्रतिभागी दस पहचाने गए विषयों पर केंद्रित विषयगत प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

रिजिजू-युवा संसद

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू आज नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालयों को 34वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023-24 के पुरस्कार प्रदान करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 क्षेत्रों में फैले लगभग 150 केंद्रीय विद्यालय प्रतियोगिता का हिस्सा रहे हैं।

प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। मुख्यमंत्री कल इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में

चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्लास्टिक इंडस्ट्री को प्रोत्साहन देने के लिए नीतियों में जो बदलाव करना पड़ेगा, वह सरकार करेगी।

धान उपार्जन- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों को समय पर उपार्जित धान की राशि प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री कल समत्व भवन में एक बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ धान उपार्जन के संबंध में चर्चा कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक साढ़े पांच लाख किसानों से अधिक किसानों से 36 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी जिलों में उपार्जन केन्द्रों पर संपन्न हो चुकी है। प्रदेश में लगभग 44 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का अनुमान है। धान का उपार्जन 23 जनवरी तक किया जा रहा है। किसानों के खाते में 5 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है।

महाकुंभ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस वर्ष महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इस आयोजन से अर्थव्यवस्था में लगभग दो लाख करोड़ रुपये के योगदान का अनुमान है। कल प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा के बाद श्री योगी आदित्यनाथ कहा कि महाकुंभ आस्था और आधुनिकता का संगम होगा।

प्रयागराज-कुंभवाणी चैनल

महाकुंभ के लिए आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी का आज प्रयागराज में शुभारंभ किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चैनल का शुभारंभ करेंगे। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कुंभ मंगल धुन का भी शुभारंभ करेंगे।

कुंभवाणी पर आज से 26 फरवरी तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कई कार्यक्रम सुबह पांच बजकर, 55 मिनट से रात 10 बजकर, 5 मिनट तक प्रसारित किए जाएंगे। कुंभवाणी चैनल पर अमृत स्नान का ऑखों देखा हाल सुनाया जाएगा। कार्यक्रम को 103 दशमलव 5 मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूज ऑन एआईआर ऐप और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सुना जा सकेगा।

मुख्यमंत्री आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के रविंद्र भवन में विभिन्न विभागों के लिये चयनित 362 शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। कार्यक्रम में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के 256 कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 70 सहायक पशु चिकित्सकों और राजस्व विभाग के 36 नव चयनित नायब तहसीलदारों शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री भोपाल के पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय में आज वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट का शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार करेंगे।

मौसम

प्रदेशभर में सर्दी का दौर जारी है। प्रदेश के आठ जिले शीतलहर से प्रभावित हुए हैं। भोपाल, शाजापुर, शहडोल, जबलपुर, मंडला, सिवनी, सीहोर, नीमच जिलों में शीतलहर का प्रभाव आज भी बना हुआ है। पचमढ़ी में सबसे कम तापमान 1 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शहडोल, शाजापुर, मंडला, उमरिया अनूपपुर में यह 4 डिग्री सेल्सियस से

नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भोपाल, रायसेन, सीहोर सहित 9 जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल में कल तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 5 दशमलव 4 डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूल शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम "अनुगूंज 2024-25" का आज शुभारंभ करेंगे। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे।
- आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय केन्द्र बैंगलूरू में कल से 4 दिवसीय मध्यप्रदेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसमें कलाकार संगीत, चित्रकला, हथकरघा के साथ अन्य सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन कर रहे हैं।
- खण्डवा में 100 दिवसीय निक्षय अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण सिंह ने निक्षय मित्र बनकर टी.बी. के  मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए।
- स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आगरमालवा स्थित पुलिस थाना ग्राउंड में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित होगा।
- शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' का व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर महाविद्यालय में टीम का गठन किया है। यह टीम कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्राओं को वर्ष 2025-26 में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित कर रही है।
- मंदसौर में जन कल्याण अभियान के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभागार में कल आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी जन कल्याण अभियान के शिविरों में जाएं।
- राज्य सभा की सूचना, संचार प्रौद्योगिकी प्रबंधन की संसदीय स्टेंडिंग कमेटी आज कटनी जिले के दौरे पर रहेगी।
- डिंडौरी जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश के लिए संशोधित आदेश में 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 04 फरवरी को नर्मदा जयंती और 30 सितंबर को दुर्गाष्टमी के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

-------------